# नकल मामले में केन्द्राध्यक्ष के विरुद्ध कार्यवाही नहीं हुई

## वरिष्ठ अधिकारियों से की गई शिकायत शिक्षा विभाग में जन चर्चा का बना विषय

**सिवनी नवभारत। सिवनी जिले के छपारा विकासखंड के कक्षा 5 वी और 8 वी की द्वितीय अवसर परीक्षा के परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुलफ पर केन्द्राध्यक्ष डीलन सिंह बिसेन द्वारा कराइ गयी सामूहिक नकल की खबर प्रकाशित होने के बाद विकास खंड स्तरीय जाँच समिति के जाँच प्रतिवेदन पर पर्यवेक्षण कार्य करा रहे तीन शिक्षकों बलराम यादव, अशोक सनोडिया और पुरुषोत्तम भलावी को निलंबित किया गया लेकिन केन्द्राध्यक्ष डीलन सिंह बिसेन जिनके मार्गदर्शन में नकल कराई गयी उनके विरुद्ध आज तक कोई भी अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं की गयी।**



खुलेआम नकल : 01 सप्ताह बाद भी कार्यवाही नहीं

जांच की भूमिका पर उठ रहे है सवाल, केंद्र अध्यक्ष डीलनसिंह बिसेन पर क्यों मेहरबान है अधिकारी

सामूहिक नकल मामले में तीन शिक्षक हुए निलंबित

आयुक्त की कार्यवाही : केंद्र अध्यक्ष पर अभी भी मेहरबान किसका है संरक्षण उच्च अधिकारियों से होगी शिकायत

शिक्षकों की ड्यूटी लगाने पर भी उठ रहे सवाल

केन्द्राध्यक्ष डीलन सिंह बिसेन एवं जनशिक्षक ने कराई सामूहिक नक़ल, मामले ने पकड़ा तूल

क्या विकासखंड स्तरीय जाँच समिति द्वारा लेन देन कर डीलन बिसेन को क्लीन चिटदी गयी है या जनजातीय कार्य विभाग सिवनी कुछ अधिकारी और कर्मचारी डीलन सिंह बिसेन मूल पद प्रधान पाठक पदस्थ संस्था शासकीय माध्यमिक शाला बीजादेवरी विकासखंड छपारा के विरुद्ध कोई कार्यवाही करने से बच रहे है द्य सामूहिक नकल मामले में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सिवनी द्वारा तीन शिक्षकों निलंबित किया गया गया इसका मतलब यही है कि जिला प्रशासन मानता है कि परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुलफ में सामूहिक नकल पूरी योजना के साथ गयी थी, तो क्या परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुलफ में परीक्षा हेतु जो बच्चे सम्मिलित हुए थे उनकी पुन: परीक्षा कराइ जाएगी क्या इस केंद्र के सभी विषय के पेपर नकल के कारण निरस्त कर दोबारा नए सिरे से पेपर कराये जायेंगे। सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई है कि डीलन सिंह बिसेन द्वारा कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सिवनी में सेटिंग कर उनके विरूद्ध की जाने वाली कार्यवाही को रुकवा लिया है और कार्यवाही न करने के नाम पर बड़ी रकम का लेन देन किया गया है।

डीलन सिंह बिसेन के विरुद्ध कार्यवाही न होने के कारण सिवनी निवासी संजय सराठे द्वारा सिवनी जिला कलेक्टर, आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग भोपाल और संचालक राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल म.प्र. को पत्र लिख कर कार्यवाही की मांग की गयी है, पत्र में निम्नानुसार बिन्दुओं की जाँच कराने हेतु जिला जाँच स्तरीय समिति के गठन की मांग की गई है ताकि सच्चाई सामने आ सके और सामूहिक नकल कराने वाले केन्द्राध्यक्ष और अन्य शिक्षकों पर कार्यवाही हो सके।



यह कि शासन के निर्देशानुसार कक्षा 5 वी एवं 8 एवं की बोर्ड पैटर्न परीक्षा में निकट के हाई स्कूल /हायर सेकेंडरी स्कूल में पदस्थ शिक्षकों को परीक्षा केंद का केन्द्राध्यक्ष बनाना चाहिए था द्य लेकिन डीलन सिंह बिसेन मूल पद प्रधान पाठक (शासकीय माध्यमिक शाला बीजदेवरी, वि.खं.छपारा) द्वारा प्रभारी जनशिक्षक सतीश इरपाची मूल पद प्राथमिक शिक्षक (शा.प्रा.शाला तुलफ रैयत वि.खं.छपारा) प्रभारी जनशिक्षक आधार सिंह कटरे मूल पद प्राथमिक शिक्षक (शा.प्रा.शाला निवारी वि.खं.छपारा) एवं कार्यालय जनपद शिक्षा केंद्र छपारा से सांठ गांठ कर स्वयं को परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुलफ का केन्द्राध्यक्ष कैसे बनवा लिया ?

यह कि कार्यालय जिला शिक्षा केंद्र सिवनी में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी ने कैसे श्री डीलन सिंह बिसेन को उस परीक्षा केंद्र का केंद्र अध्यक्ष बना दिया जहाँ डीलन सिह बिसेन की शाला के बच्चे ही परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं ? यह कि शासकीय प्राथमिक शाला निवारी, बारी और बेरढाना के सभी शिक्षकों की ड्यूटी 05 जून को परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुलफ में लगाई गयी थी और ये सभी शिक्षक परीक्षा केंद्र पर उपस्थित भी थे ,ऐसे में उक्त शालाओं को बंद क्यों रखा गया ? जबकि शासन के निर्देशानुसार दिनांक 02 जून से शालाओ का नियमित संचालित किया जाना है।

दोनों जनशिक्षक परीक्षा केंद्र पर क्यों उपस्थित थे ? दो में से एक जनशिक्षक को जनशिक्षा केंद्र अंतर्गत शालाओं का निरीक्षण किया जाना चाहिए था शालाओं का निरीक्षण क्यों नहीं किया गया ?

जनशिक्षा केंद्र बीजादेवरी में कार्यरत दोनों जनशिक्षक नियमित नहीं है उन्हें अपने मूल दायित्वों के साथ जनशिक्षा केंद्र का कार्य देखना होता है, दोनों जनशिक्षक अपनी मूल शाला में कितने दिन उपस्थित रहते है ? सतीश इरापाची और आधार सिंह कटरे को किस सक्षम अधिकारी द्वारा जनशिक्षक का अतिरिक्त प्रभार सौपा ? वे किसके आदेश से जनशिक्षक का अतिरिक्त कार्य संभाल रहे है ?

### तीन शिक्षकों पर हो चुकी है निलंबन की कार्यवाही

पर्यवेक्षक कार्य करा रहे तीन शिक्षकों बलराम यादव,अशोक सनोडीया एवं पुरुषोत्तम भलावी को सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा निलंबित कर दिया गया है, लेकिन जनजातीय कार्य विभाग के ही अंतर्गत आने वाले डीलन सिंह बिसेन मूल पद प्रधान पाठक (शासकीय माध्यमिक शाला बीजदेवरी, वि .खं .छपारा),प्रभारी जनशिक्षक सतीश इरपाची मूल पद प्राथमिक शिक्षक (शा .प्रा .शाला तुलफ रैयत वि .खं .छपारा) प्रभारी जनशिक्षक आधार सिंह कटरे मूल पद प्राथमिक शिक्षक (शा .प्रा .शाला निवारी वि .खं .छपारा) के विरुद्ध अभी तक क्यों किसी भी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं की गयी ।अब देखना यह है कि इस मामले को कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन इस कितनी गंभीरता से लेती है और दोषियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही करती है।




# हरियाली महोत्सव : पुलिस लाइन में 70 से अधिक पौधे लगाए गए

**सिवनी नवभारत।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, सिवनी पुलिस ने आज हरियाली महोत्सव के अवसर पर पुलिस लाइन में एक विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और हरियाली को बढ़ावा देना था।

मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन सिवनी में आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता स्वयं मौजूद रहे। उनके साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री पूजा पांडे, रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू, थाना प्रभारी डूंडा सिवनी सतीश तिवारी, थाना प्रभारी यातायात विजय बघेल, एसपी ऑफिस और पुलिस लाइन का स्टाफ, 8वीं वाहिनी का स्टाफ और दिशा लर्निंग सेंटर के छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान पुलिस लाइन में लगभग 70 पौधों का रोपण किया गया, जिनमें आम, आंवला, अमरूद, नींबू जैसे फलदार और छायादार पौधे शामिल थे।

इस अवसर पर, पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस का कार्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं है, बल्कि वे सामाजिक और पर्यावरणीय दायित्वों के निर्वहन में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है। यह कार्यक्रम पुलिस बल की सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## एक नजर में

### बच्चे पढ़ाई के अलावा भी कुछ सीख सकें ऐसा प्रयास करे



सिवनी । श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर मे महासमाधि धारपरम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज द्वारा दीक्षित परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य परम पूज्य मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज एवं परम पूज्य मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य में 6 जुलाई 2025 को प्रात: काल की बेला में मांगलिक क्रियाएँ संपन्न हुई ।पाठशाला के बच्चो ने अभिषेक किया पूजन की दोपहर में नंदीश्वर विधान चल रहा है , मुनि श्री विश्रांत सागर जी महाराज का नगर में आगमन होगा ।इ स अवसर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री भाव सागर जी महाराज ने कहा कि बच्चों को ऐसी पढ़ाई करवाए कि जिससे वह पढ़ाई के अलावा भी कुछ सीख सकें जिससे उनका आगामी जीवन अच्छा बन सके वह हताश होकर आत्महत्या नहीं करें ।माता पिता बच्चो के ऊपर बहुत धन खर्च करते है लेकिन जब बच्चे माता पिता के साथ गलत व्यवहार करते है तो उनको कष्ट होता है 7 डिग्री के अलावा बहुत से ऐसे कार्य होते हैं जो करते रहना चाहिए।

### गुरु चरणों की भव्य शोभा यात्रा



बरघाट। युग श्रेष्ठ , परम तपस्वी, संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर श्री विद्या सागर जी महाराज के , चरण चिन्ह की बरघाट नगर में भव्य शोभा यात्रा के साथ आगवानी हुई। गुरु चरणों की शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्ग में पटेल टोला से प्रारंभ होकर, श्री जैन मंदिर जी प्रागंण पहुंची। गुरु चरणों की नगर में जगह जगह आरती हुई एवं श्रीफल भेंट कर , गुरु भक्तों ने गुरु चरणों की वंदना की। इस अवसर पर जैन समाज के पदाधिकारी अशोक जैन, सौरभ जैन, शशांक जैन, रितेश जैन, मनीष जैन आलोक जैन व जैन महिला मंडल के सदस्य, एवं नगर परिषद बरघाट की अध्यक्ष श्रीमती इमरता साहू सहित अन्य की उपस्थिति रही। ज्ञात हो कि आचार्य गुरुवर श्री विद्या सागर जी महाराज की श्री चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र में समाधि हुई। समस्त गुरु भक्तों ने गुरु के चरण चिन्हों को जैन मंदिरों में स्थापित कर , गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा व भक्ति को प्रगट किया। आगामी गुरु पूर्णिमा के दिन श्री जैन मंदिर जी बरघाट में पूज्य आचार्य गुरुवर श्री विद्या सागर जी महाराज के पावन चरण चिन्ह को विधि विधान के साथ स्थापित किया जाएगा।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों के कार्य से खुश होकर दिया उपहार



**जिले का हर शिक्षक समाज में नवाचार करने की सोच रखे - एसएस कुमरे**

**सिवनी नवभारवत।** विगत फरवरी माह के वसंत पंचमी के पावन पर्व पर संकुल केंद्र अरी के शिक्षको ने जिले में प्रथम संकुल स्तरीय नवाचार किया । जिसकी सरहना जिला शिक्षा अधिकारी एस0एस 0कुमरे ने करते हुए शिक्षको को स्वयं से उपहार प्रदान किए।

संकुल प्राचार्य श्रीमती प्रतीक्षा मानगड़े बताया की विगत वसंत पचमी के पावन पर्व में संकुल अरी के शिक्षको ने सभी 41 स्कूलों में पढ़ने वाले आभाव ग्रस्त बच्चो की प्रतिभा उभराने के लिए सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जिसमे जिले के वरिष्ठ अधिकारी व जनप्रतिनिधि आमंत्रित हुए। विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों ने इस प्रकार कार्यक्रम प्रस्तुत किए की संपूर्ण जिला में इस कार्यक्रम की प्रशंसा की गई । इस कार्यक्रम से जिला शिक्षा अधिकारी महोदय भाव विभोर हो गए । उन्होंने कहा की आज मुझे लगा की मैं अपने विभाग को कुछ दे पाया हु , अपने अधीनस्थ कार्यरत शिक्षकों के इस कार्य की ह्रदय से प्रसंशा करते हुए उन्होंने सभी विद्यालयों को उपहार देने की घोषणा थी ।

आज ऐसा अवसर आया की माननीय जिला शिक्षा अधिकारी संकुल केंद्र अरी पहुंचे और सभी शिक्षको के बीच पहुंचकर किए गए उत्कृष्ट कार्य पर अपने कर कमलों से सभी विद्यालयों के प्रधान पाठको को उपहार प्रदान किए ।

श्री कुमरे ने अपने आशीर्वाद स्वरूप संबोधन में कहा की मेरी यह आशा है कि सिवनी जिले का हर शिक्षक अरी संकुल के शिक्षको जैसे नवाचार करके समाज और विभाग का नाम रोशन करे । वही संकुल के शिक्षको ने भी माना की माननीय कुमरे साहब जैसे अधिकारी जहा होगे वहा शिक्षक भी समाज में रोशनी फेलाने में पीछे नही रहेंगे।

# बरघाट पुलिस ने गौवंश का वध कर मांस बेचने वाले दो आरोपी को पकड़ा



सिवनी नवभारत। बरघाट पुलिस ने गौवंश वध और गौमांस के विक्रय के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार 05 जुलाई को बरघाट पुलिस को ग्राम भ्रमण के दौरान बोरीकलां में मुखबिर से सूचना मिली थी कि फईम खान अपने साथी के साथ मिलकर अपने घर के पीछे बने कोठे (छपरी) में गौवंश का वध कर रहा है। थाना प्रभारी बरघाट के नेतृत्व में तत्काल एक पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी। मकान की घेराबंदी कर दीवार के ऊपर से झांकने पर फईम खान के घर के पीछे दो व्यक्ति गौवंश का वध करते दिखाई दिए।

पुलिस को देखकर एक व्यक्ति दीवार कूदकर फरार हो गया, जो अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। मौके पर मिले व्यक्ति ने अपना नाम फईम पिता कय्यूम (47) निवासी बोरीकलां बताया। फरार हुए व्यक्ति के संबंध में पूछने पर उसने उसका नाम नब्बू निवासी उर्दू स्कूल के सामने, बोरीकलां बताया। मौके पर दो प्लास्टिक की बोरियों में कटा हुआ 112.98 किलोग्राम गौमांस और गौवंश काटने में प्रयुक्त हथियार मिले। आरोपी फईम खान ने पूछताछ में बताया कि काटा गया मांस गौवंश (नाटा) का है और उसे टी.वी.एस. स्कूटी क्रमांक एमपी-22 जेड.डी. 8415 की डिक्की में भरकर जनता नगर, डूंडासिवनी निवासी अरमान खान पिता सादिक खान को बेचना था। पुलिस ने आरोपी फईम खान के कब्जे से गौमांस, हथियार और स्कूटी जब्त कर ली।

बाद में, पुलिस ने आरोपी अरमान खान को उसके डूंडासिवनी स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया, जिसने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया। फरार आरोपी नब्बू खान की तलाश जारी है। आरोपी फईम खान और अरमान खान के खिलाफ धारा 4, 5, 9 म.प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। आरोपी फईम खान का पूर्व में भी जुआ एक्ट और गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम के तहत आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।

# बारिश में भी हुसैन के दीवानों का हौसला बुलंद,जगह-जगह लंगर वितरण

**सिहोरा नवभारत।** मुहर्रम में इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए देशभर में निकले जुलूस इसी प्रकार सिहोरा में भी 6 जुलाई 2025ॅ दिन रविवार को ताजियों के साथ सुबह 10ॅ00 बजे से सिहोरा ग्राम में गस्त निकाली गई मुहर्रम का पवित्र महीना शुरू होने के साथ ही देशभर में इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत को याद करने का सिलसिला शुरू हो गया है। इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना मुहर्रम, जो बलिदान और सब्र की याद दिलाता है, इस बार भी अकीदतमंदों के जज्बे और हौसले को बुलंद कर रहा है। देश के विभिन्न हिस्सों में ताजिया जुलूस, मातमी सभाएं और नियाज़-फातिहा का आयोजन हो रहा है, जिसमें लोग या हुसैन, या अली की सदाओं के साथ कर्बला के शहीदों को याद कर रहे है मुहर्रम को लेकर लोगों के जोश को देखते ही बन रहा है। इसलिए तो शायर कहता है रुके नहीं-झुके नहीं ये हुसैन की रवायत है। जुल्म के सामने सर झुकाए रहना ही बगावत है। हुसैन के दीवानों का हौसला आज भी बुलंद है ।मुहर्रम का यह पर्व न केवल इमाम हुसैन की शहादत की याद दिलाता है, बल्कि अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने और सत्य के लिए खड़े होने का संदेश भी देता है। देशभर में अकीदतमंद इस पर्व को पूरे जोश और श्रद्धा के साथ मना रहे हैं। ग्राम सिहोरा में विगत तीन दिनों से मूसलाधार बारिश हो रही है उसके बाद भी सिहोरा के नौजवान जोशीले हुसैनी दीवानों ने गिरते पानी के मौसम में भी अपने हौसले को बनाए रखा और जुलूस और ताजिया कार्यक्रम को सफल बनाया



# बालक माध्यमिक शाला में किया गया शैक्षणिक सामग्रियों का वितरण



**उगली नवभारत।** विकासखंड केवलारी अंतर्गत उगली मुख्यालय में बालक माध्यमिक शाला परिसर पर कनक फाउंडेशन एंड वेलफेयर एजुकेशन के सौजन्य से क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों पुलिस थाना प्रभारी उगली के थाना प्रभारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष क्षेत्रीय पत्रकार और वरिष्ठ जनों की गरिमामयी उपस्थिति में नए शैक्षणिक सत्र के आरंभ पर छात्र-छात्राओं की प्रोत्साहन के लिए निशुल्क शैक्षणिक सामग्री स्कूल बैग कॉपियां पेन कंपास आदि का वितरण करके बच्चों के मनोबल और शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया.

इस कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम थाना प्रभारी ने कनक फाउंडेशन को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बच्चों सहित शाला परिवार को धन्यवाद दिया, तत्पश्चात पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय उइके ने उद्बोधन में बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी, तत्पश्चात जिला मेडिकल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अजय भगत के द्वारा भी बच्चों का मनोबल बढ़ाया गया, उपस्थित पत्रकार राजदीप राहंगडाले ने अपने उद्गार में कनक फाउंडेशन और बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए सभी को साधू वाद दिया, युवा पत्रकार अजय नागेश्वर ने भी सभी उपस्थित अतिथियों को धन्यवाद देते हुए इस कार्य की सराहना की, जन शिक्षक राजेश तिवारी, प्रधान पाठक महेश भोयर, शिक्षक रामकुमार क्षीरसागर शिक्षक खुमेंद्र बिसेन, श्रीमती मेश्राम मैडम और कनक फाउंडेशन वेलफेयर समिति के सभी पदाधिकारी गण संचालक प्रभाकर बिसेन श्रीमती बिसेन और उनके सभी वॉलिंटियर्स की उपस्थिति में यह कार्यक्रम किया गया जिसकी सभी ने प्रशंसा किए.

**हादसा** शनिवार साप्ताहिक बैढकी बाजार का दिन...बडा हादसा टला

# सौ वर्ष पुराना आम का वृक्ष गिरा, आवागमन हुआ अवरुद्ध



**उगली नवभारत।** गत दिवस साप्ताहिक बैठकी बाजार शनिवार के दिन दोपहर बाद विधानसभा केवलारी अंतर्गत उप तहसील उगली मुख्यालय में उगली केवलारी मुख्य मार्ग पर पुलिस थाना के पीछे और पोस्ट ऑफिस के सामने विशालकाय आम का वृक्ष अचानक से गिर गया, इसके बाद दोनों तरफ से मार्ग का आवागमन कुछ देर के लिए अवरुद्ध हो गया जिसकी सूचना प्रत्यक्ष दर्शियों द्वारा और स्वयं समाजसेवी राजदीप रांहगडाले के द्वारा बिजली विभाग को दी जाकर सबसे पहले बिजली सप्लाई बंद की गई, बाद में थाना प्रभारी उगली को अवगत कराया गया, एवं भाजपा यूवा नेता संजय उइके ने एसडीएम को दूरभाष पर सूचना दी, एवं स्थानीय प्रशासन में सरपंच श्रीमती पुष्पलता पोचाटे को जानकारी दी जाकर स्थानीय लकड़हारों और जेसीबी की मदद से विशाल आम के वृक्ष को हटाने के बाद मार्ग में आवागमन सुचारू रूप से चालू हुआ, उगली पुलिस थाने परिसर में लगभग सैकड़ो आम के वृक्ष है, जो बहुत पुराने हो चुके हैं, इस परिसर में हजारों वर्ष पुराना एक विशालकाय है वटवृक्ष (बरगद) भी स्थित है, प्राचीन शिव मंदिर और थाना परिसर में अलग-अलग वैरायटी के आम की अमराई बहुत पुरानी है।

विगत दिवस की घटना जब घटित हुई प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार नारायण बस सर्विस जो केवलारी से बालाघाट की ओर जा रही थी पेड़ के गिरने के कुछ सेकंड पूर्व ही वहां से गुजरी थी, जिस स्थल पर घटना घटी थी वहां स्थाई दुकानदारों ने बताया कि नियमित प्रति शनिवार को यह बस जिस स्थान पर खड़ी होती है वहां पर ही वृक्ष गिरा अगर बस के ऊपर यह पेड़ गिरता तो जनहानि भी हो सकती थी, डाक विभाग कार्यालय में कार्यालय लगभग दर्जनों कर्मचारियों के दो पहिया वाहन जो ग्राम के मनोज गुप्ता के निवास पर संचालित होता है,पर निर्मित तीन सेट पर दब गए स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें सुरक्षित किया गया.

विगत बीते सप्ताह में यदि देखा जाए तो पूरे सिवनी जिले व आसपास के क्षेत्र में जबरदस्त बारिश का कहर देखने को मिल रहा है, नदी नाली तूफान पर है जिसकी वजह से भी विकास दिवस की अल्लारी अगली और उगली बालाघाट का संपर्क टूट गया था। दो दिवस पूर्व उगली से सारसडोल मार्ग पर भी एक वृक्ष के गिरने से लगभग 24 घंटे मार्ग बाधित रहा इसी प्रकार की केवलारी उगली बंजारी के समीप भी आए दिन वृक्षों के गिरने से मार्ग अवरुद्ध रहता है, जिसमें स्थानीय प्रशासन को अवगत कराने के बाद पेड़ों को हटाकर मार्ग चालू किया जाता है.

**इनका कहना है .**

मेरे घर के सामने इस वृक्ष की गिरने से मेरे घर में निर्मित टीन सेड में छती हुई है, किसी प्रकार की कोई दुर्घटना तो नहीं लेकिन टीन सेड टूट गया है. यह प्राकृतिक आपदा ही है। अत: इन्हें शासन की तरफ से कुछ मुआवजा राशि दी जानी चाहिए.

**मनोज गुप्ता, ग्रामीण**

